भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2251

12 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न

चीनी उत्पादन

2251. श्री रामप्रीत मंडल:

श्रीमती लवली आनंद:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वर्ष के दौरान देश में चीनी उत्पादन की मात्रा कितनी थी;

(ख) वर्तमान मौसम के दौरान देश में कुल उत्पादन का अनुमान कितना है;

(ग) क्या चीनी मिलों के पास पुराना चीनी स्टॉक पड़ा हुआ है तथा उक्त चीनी मिलों के लिए सरकारी सहायता की आवश्यकता है;

(घ) क्या सरकार इस वर्ष चीनी निर्यात की अनुमति देगी;

(ङ) यदि हां, तो क्या निर्यात के कारण घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): पिछले चीनी मौसम 2023-24 (अक्तूबर-सितंबर) के दौरान, इथेनॉल के उत्पादन के लिए इस्तेमाल की गई चीनी की मात्रा को छोड़कर कुल चीनी उत्पादन लगभग 320 लाख टन था।

(ख): चालू चीनी मौसम 2024-25 में देश में कुल अनुमानित चीनी उत्पादन इथेनॉल के उत्पादन के लिए उपयोग की गई चीनी की मात्रा को छोड़कर लगभग 270 लाख टन है।

(ग): आम तौर पर, प्रत्येक चीनी मौसम के बाद चीनी मिलों के पास आगामी चीनी मौसम के शुरुआती महीनों में घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुराना स्टॉक बचा रहता है। घरेलू बाजार में उचित मूल्य पर चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए, सरकार मासिक

स्टॉक होल्डिंग सीमा जारी कर रही है, जिसके विरुद्ध सभी चीनी मिलों को अपनी आवंटित मात्रा बेचनी आवश्यक है।

(घ): सरकार ने दिनांक 20.1.2025 के आदेश के तहत चालू चीनी मौसम 2024-25 (अक्तूबर-सितंबर) के दौरान 10 लाख टन निर्यात की अनुमति दी है।

(ङ) और (च): व्यावहारिक सरकारी नीतिगत हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप, चीनी की कीमत बिना किसी महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव के स्थिर और उचित सीमा में रही। चूंकि चीनी का उत्पादन घरेलू आवश्यकता के लिए पर्याप्त है, इसलिए चीनी मौसम की कीमत उचित स्तर पर रहने की उम्मीद है।

****